**चपत** | बेखौफ लगाएं जा रहे फर्जी बिल, पंचायत दर्पण पोर्टल पर अपठनीय बिलों की भरमार, जांच अधिकारी सवालों के घेरे में

# कटंगी की जनपद पंचायतों में हो रहा फर्जीवाड़ा




**नवभारत कटंगी 13 दिसंबर।** जनपद पंचायत कटंगी के अंतर्गत आने वाली अनेक पंचायतों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सरपंच और सचिव खुलेआम फर्जी बिलों के माध्यम से राशि का आहरण कर शासन को चूना लगाने में कोई कोर कसर नही छोड रहे हैं।

ग्राम विकास के नाम पर अपना विकास करना इनकी नियति बन गई है। यही कारण है कि गांव की तस्वीर नहीं बदली, लेकिन इनकी तकदीर जरुर बदल गई है। इसकी सत्यता की पुष्टि ग्रामों में जाकर देखी जा सकती है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा पंचायतों में पारदर्शिता लाने के के लिए पंचायत दर्पण के माध्यम से आम जनता को जानकारी पहुंचाने के लिए इसे लागू किया गया था, जिससे पंचायतों में पारदर्शिता बनी रहे और आम जन को पंचायतों के कार्यों का पता चल सके, किन्तु कुछ सरपंच और सचिव इसमें अपनी कारगुजारियों को छुपाने के लिए ऐसे दस्तावेज अपलोड कर रहे हैं, जिसे पढ़ा ही नहीं जा सकता। ऐसे में यह पारदर्शिता का मखौल उड़ाना ही प्रतीत हो रहा है।

### सचिव व सरपंच पर कार्यवाही की मांग

हैरानी की बात तो यह भी है कि अधिकारी भी ऐसे बिलों को पास कर भुगतान भी कर रहे हैं। ऐसे में भुगतान पर मुहर लगाने वाले अधिकारियों के साथ ही ऑडिटर की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे भ्रष्ट सरपंच और सचिव पर दण्डात्मक कार्यवाही होना चाहिए, जो पारदर्शिता के सिस्टम को भी पलीता लगाने का काम करते हैं।

### शिकायत के बाद भी नहीं की गई जांच

सन् 2022 से 2025 तक वित्तीय वर्ष में ग्राम पंचायत खरपड़िया, कोयलारी, हथोड़ा, बोनकट्टा जराहमोहगांव और कुछ अन्य पंचायतों द्वारा भारी मात्रा में फर्जी बिलों के माध्यम से शासकीय राशि का गोलमाल किया गया है। शिकायतकर्ता अनुप साखरे बताते हैं कि उनके द्वारा ग्राम पंचायत खरपड़िया के सरपंच इंद्रपाल पटले द्वारा शवदाह के टीन शेड को उखाड़ कर सामग्री की अफरा-तफरी करने और पंचायत के सरपंच सचिव पर फर्जी बिलों से राशि आहरण की शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटंगी को की थी जिस पर कोई जांच आज तक नही की गई।

> **इनका कहना है**
> मैं पता करती हूं जांच हुई या नहीं, यदि नहीं हुई है तो मैं जांच करवाती हूं।
> **गायत्री कुमार सारथी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कटंगी**

# यशवंतराव आंबेडकर की जयंती मनाई

**▸ सर्कल शाखा भालवा (किरनापुर) का किया गया पुनर्गठन**

**किरनापुर।** भारतीय बौद्धों की सर्वोच्च धार्मिक सामाजिक धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया (मीराताई आंबेडकर) तहसील शाखा किरनापुर जिला बालाघाट मप्र के तत्वावधान में शुक्रवार दिनांक 12/12/2025 को भालवा सर्कल मुख्यालय तहसील किरनापुर में सूर्यपुत्र भैयासाहेब अर्थात यशवंतराव आंबेडकर जी की जयंती एवं संस्था की सर्कल शाखा भालवा का पुनर्गठन समारोह सम्पन्न हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.चरनदास ढ़ेंगरे संस्था के मप्र राज्य शाखा के अध्यक्ष एवं केंद्रीय शिक्षक मप्र बालाघाट,अध्यक्षता दुरेन्द्र सावनकर तहसील अध्यक्ष एवं माजी श्रामणेर बौद्धाचार्य किरनापुर जिला बालाघाट,प्रमुख अतिथि अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष बालाघाट,विशेष अतिथियों में हरिचंद्र गौरकर तहसील उपाध्यक्ष एवं माजी श्रामणेर बौद्धाचार्य किरनापुर, योगराज ऊके तहसील उपाध्यक्ष बालाघाट,जी डी चोरे,डॉ सुभाषचंद्र रंगारे,योगराज पटले अध्यक्ष ग्राम शाखा भालवा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

### वक्ताओं ने डाला यशवंतराव आंबेडकर जीवनी पर प्रकाश

इस अवसर पर सभी अतिथियों ने भैया साहेब यशवंतराव आंबेडकर जी की जिवनी पर उद्बोधन दिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.ढेंगरे जी ने भैया साहेब के संघर्ष पूर्ण जीवन की विस्तृत जानकारियां दि,उन्होंने बताया कि चैत्यभूमि मुम्बई के निर्माता,बौद्धाचार्य प्रशिक्षण शिविर के जनक भैयासाहेब थे। पुनर्गठन समारोह के विषय में उन्होंने बताया कि बाबा साहेब के सम्यक संकल्प की पूर्ति हेतु संस्था द्वारा शाखाओ का गठन/पुनर्गठन, धम्म प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन निरंतर किया जा रहा है।

### ये नाम किए गए शामिल

भालवा सर्कल के पुनर्गठन में अध्यक्ष-डॉ.सुभाषचंद्र रंगारे, महामंत्री-जी डी चौरे, कोषाध्यक्ष- सरोज डोंगरे, उपाध्यक्ष तिजुलाल खोबरागड़े (मड़कपार) दुर्गावती वासनिक, हेमराज वैद्य, बिरज वासनिक आदि पदाधिकारी यो मनोनीत कर नियुक्तियो का शाखा मान्यता पत्र प्रदाय किया गया। इस समारोह में भालवा, रटापायली, मानागढ़, सुशवा, मोहगांव,कुंडे, खपराझरी , गोदरी, केसा,साल्हे, करियादंड, नेवरगांव, नंदोरा, बक्कर आदि 20 से अधिक ग्राम शाखाओं के सैकड़ों पदाधिकारी शामिल थे,समारोह सम्पन्न कराने में ग्राम शाखा भालवा के एवं क्षेत्र के संस्था के पदाधिकारी यो का सक्रिय सहयोग रहा।

# आयुष अधिकारी ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण

**▸ समय पर उपस्थिति एवं आयुष पद्धति से उपचार के दिए निर्देश**



**नवभारत, बालाघाट।** आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं, व्यवस्थाओं, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर श्री मृणाल मीणा जी द्वारा डी.एच.एस. की बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में आज दिनांक 13 दिसंबर 2025 को जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी द्वारा जिले में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) पिपरिया, चंगेरा एवं बेनी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला आयुष अधिकारी डॉ. चौधरी ने आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों में विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे विभागीय योजनाओं, गतिविधियों के क्रियान्वयन, ओपीडी सेवाओं, योगाभ्यास सत्रों, स्वास्थ्य सर्वे, परिसर में स्थित हर्बल गार्डन व सफाई व्यवस्था एवं औषधियों की उपलब्धता आदि की सूक्ष्मता से जाँच की । खैरलांजी विकासखंड में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) बेनी में पदस्थ योग प्रशिक्षक और सहायक कर्मचारी तीन दिनों से बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए, इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उनके वेतन आहरण पर रोक लगाने निर्देश दिए है । जिला आयुष अधिकारी डॉ. चौधरी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य सेवाओं की लगातार उपलब्धता, समय का पालन, और सभी नियमों (अनुशासन) का सख्ती से पालन होना चाहिए, जो भी चिकित्सक या कर्मचारी इसमें लापरवाही बरतेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ।डॉ. चौधरी ने स्पष्ट किया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का मुख्य उद्देश्य आमजन को सुलभ, सुरक्षित एवं समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना आवश्यक है। उन्होंने मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने और उपचार के साथ-साथ जीवनशैली में सुधार हेतु परामर्श देने पर भी विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान कुछ आयुष औषधालयों में अनियमितताएं पाए जाने पर जिला आयुष अधिकारी ने संबंधित चिकित्सकों को चेतावनी देते हुए कहा कि बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

# 10 आपराधिक प्रकरणों का हुआ निराकरण

**▸ वर्ष की अन्तिम नेशनल लोक अदालत आयोजित**




**नवभारत कटंगी 13 दिसंबर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्रति प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रणेश कुमार प्राण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट एवं सतीश शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के निर्देश में 13 दिसंबर को वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई ।

लोक अदालत का शुभारंभ कटंगी में 10:30 बजे खंडपीठ क्रमांक 13 की पीठासीन अधिकारी नेहा ठाकुर न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त नेशनल लोक अदालत के शुभारंभ कार्यक्रम में अध्यक्ष अधिवक्ता संघ केएस पटले तपेश ठाकरे, राजकुमार नंद गौरी एवं समस्त अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### 32 लाख रुपए की वसूली की गई

नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित 10 आपराधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 25 लोग लाभान्वित हुए पारिवारिक विवाद से संबंधित लंबित 4 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 16 लोग प्रभावित हुए एवं धारा 138 चेक बाउंस के चार प्रकरणों का निराकरण राशि 1800000 रुपए की राशि में राजीनामा किया गया जिसमें 10 लोग लाभान्वित हुए बैंकों के वसूली हेतु लंबित प्रकरणों में पांच प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 32 लाख रुपए की वसूली की गई।

## एक नजर में

### मेदांता गुरूग्राम ने जबलपुर में शुरू की उपचार व्यवस्था

**नवभारत,जबलपुर।** मेदांता गुरूग्राम ने जबलपुर में किडनी रोगों के लिए उन्नत उपचार की व्यवस्था शुरू कर दी है। ये खबर उन मरीजों व परिजनों के लिए बहुत अच्छी है कि किडनी की जटिल बीमारी के इलाज के लिए बड़े शहरों में जाने मजबूर होते थे। जानकारी के अनुसार मेदांता गुरुग्राम के सीनियर डायरेक्टर और नेफ्रोलॉजी विभाग प्रमुख डॉ. देबब्रत मुखर्जी के नेतृत्व में जबलपुर में हर माह ओपीडी होगी, जिसमें जटिल किडनी रोगों के लिए सतीक सलाह और विशेषज्ञ इलाज उपलब्ध कराया जाएगा।

इस संबंध में डॉ. देबब्रत मुखर्जी ने कहा कि नई ओपीडी सेवाओं से जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को किडनी रोगों के लिए समय पर विशेषज्ञ परामर्श और सुरक्षित, आधुनिक इलाज घर के नजदीक ही मिल जाएगा। साथ ही उन्होंनें बताया कि जबलपुर में किडनी के मरीज हर माह के दूसरे गुरूवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक दिशा दिशा मल्टी स्पेशियलिटी हेल्थकेयर ,भंडारी अस्पताल में परामर्श कर सकते हैं।



### मप्र में पहली बार दर्ज हुई 19 हजार मेगावाट बिजली

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा सचिव व एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक विशेष गढ़पाले शुक्रवार सुबह 11 बजे शक्तिभवन में पावर मैनेजमेंट कंपनी के कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण करने पहुंचे थे कि उसी वक्त मध्यप्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक बिजली की मांग 19113 मेगावाट दर्ज हुई। मध्यप्रदेश में बिजली की मांग पहली बार 19000 मेगावाट की शीर्ष मांग पर पहुंची है। ऊर्जा सचिव ने कन्ट्रोल रूम में रियल टाइम में बिजली की मांग और उसकी शतप्रतिशत सप्लाई को मॉनीटर पर देखा। पीएमसी एमडी विशेष गढ़पाले ने भविष्य में बिजली की मांग 20 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना को देखते हुए निर्देश दिया कि बिजली की इस प्रकार शेड्यूलिंग की जाए जिससे कि ऐसी स्थिति में प्रदेश में शतप्रतिशत बिजली की सप्लाई संभव हो। इस अवसर पर पावर मैनेजमेंट कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक पीके जैन व मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता सहित अभियंता उपस्थित थे।



### परिक्रमा वासियों के लिए मंत्री सिंह ने दी सौगात

**जबलपुर, नवभारत।** न्यू भेड़ाघाट पाम रेस्टारेंट के समीप नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह द्वारा सर्व सुविधा युक्त भवन श्रीरामाश्रय का निर्माण कराया गया है। जिसका गृह प्रवेश श्री रामलीला समिति गढ़ा के द्वारा जगतगुरु स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी के सानिध्य में किया गया। पंडित धनेंद्र तिवारी शास्त्री और आशीष दुबे ने नवनिर्मित भवन श्री रामाश्रय का विधिवत पूजन अर्चन कर रामलीला समिति के संचालक पंडित अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष राकेश पाठक, मंत्री लोक राम कोरी को प्रवेश करवाया। पूजन कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि नरेश पटेल, मंडल अध्यक्ष अभिषेक राय सरपंच सुनील राय, विपत राय, संतोष शुक्ला, विजय राय, के साथ ही संत श्री नाथ महाराज, सिद्धन महाराज, रमाशंकर कटारे, विजय नेमा, कैलाश नेमा, राजेश नेमा, राजेंद्र प्यासी, सतीश कोस्टा, हनुमत सिंह रघुवंशी, अजय तिवारी, गीता दुबे, सुधा गौतम, रेखा खमरिया की गरिमामय उपस्थिति रही।

# एनईएस एजुकेशन कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार आयोजित




**नवभारत,जबलपुर।** एन. ई. एस. एजुकेशन कॉलेज में ' गुरुकुल से ग्लोबल कक्षा कक्ष तक एन. ई. पी. 2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य भारत की प्राचीन ज्ञान परम्परा, उसके वैश्विक महत्व तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उनके समावेशन पर विस्तृत विमर्श करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश वर्मा एवं विशिष्ट अतिथियों रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति माननीय कपिलदेव मिश्र, अशोक मिश्रा ज्योतिशाचार्य तथा महाविद्यालय के प्रशासक डॉ. मनोज यादव एवं प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता एवं द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन अर्चन के साथ किया गया। आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में अमरकंटक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो प्रकाश मणि त्रिपाठी ,इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय दिल्ली के प्रो शिव कुमार मिश्रा ऑन लाइन मुख्य प्रवक्ता के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्रशासक डॉ. मनोज यादव बताया कि इस दो दिवसीय सेमिनार में मुंबई, पटना, जम्मू , दिल्ली, नोएडा, जयपुर, रायपुर, भोपाल से प्राध्यापकगण, एवं शोधार्थियों द्वारा अपने रीसर्च पेपर प्रस्तुत किये जायेंगे । कार्यक्रम का सफल संचालन दीपमाला ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता , डॉ. ममता यादव डॉ. बीना ठाकुर, गणेशन स्वामी, शशि जरोलिया, प्रतिभा मिश्रा, रीतू शर्मा, पूनम तिवारी, एवं ममता दास का सराहनीय योगदान रहा ।



### 110 दिव्यांग बच्चों को गरम जैकेट वितरित

**नवभारत,जबलपुर।** विकलांग सेवा भारती स्नेह नगर में 110 मानसिक दिव्यांग बच्चों को गर्म जैकेट वितरित किए गए,जिससे ठंड के मौसम में बच्चों को विशेष राहत मिली। कार्यक्रम में सचिव मिताली बैनर्जी,प्राचार्य राकेश शर्मा सहित शिक्षक उपस्थित रहे। इस मौके पर अभिभावक और बच्चों से संवाद कर उनका उत्साह बढ़ाया गया । विदित हो कि संस्था लगातार दिव्यांग बच्चों के लिए आवश्यक सहयोग, सुविधा और सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए ऐसे सेवा कार्य करती आ रही है।

# पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को मिला राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड



**नवभारत,जबलपुर।** विद्युत मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा 6 एवं 7 दिसम्बर को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग आधारित विद्युत वितरण सम्मेलन में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है। सम्मेलन में कंपनी की टीम द्वारा विकसित एआईएमएल एवं ड्रिवन कंज्यूमर इंडेक्सिंग ऑफ डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटीज सिस्टम का सफलतापूर्वक प्रस्तुतिकरण किया गया। जिसे राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ । यह उपलब्धि कंपनी की तकनीकी दक्षता, नवाचार की दृष्टि, नेतृत्व क्षमता एवं टीमवर्क की प्रतिबद्धता का प्रमाण है । यह पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीम ने प्रबंध संचालक को अवॉर्ड सौंपा। कंपनी के अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक डॉ. विवेक चन्द्रा के नेतृत्व में तैयार इस नवाचार को देशभर के विशेषज्ञों ने सराहा । शुक्रवार को जबलपुर स्थित कंपनी मुख्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी द्वारा उन सभी अधिकारियों को रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जिन्होंने इस राष्ट्रीय उपलब्धि को कंपनी तक पहुँचाने में अपना उत्कृष्ट योगदान दिया । वहीं कंपनी प्रबंधन ने पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।


# पमरे और बैंक ऑफ बड़ौदा के बीच हुए हस्ताक्षर



**नवभारत,जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल जबलपुर और बैंक ऑफ बड़ौदा के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। पश्चिम मध्य रेलवे के मनन सभागार में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.डी. पाटीदार की उपस्थिति में उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (मानव संसाधन विकास) पूर्णिमा जैन और क्षेत्रीय प्रमुख (बैंक ऑफ बड़ौदा) अशोक कुमार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों को विशेष वेतन पैकेज और उन्नत बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा पश्चिम मध्य रेलवे के कर्मचारियों को बड़ौदा गवर्नमेंट सैलरी पैकेज के अंतर्गत व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा ड्यूटी के दौरान एवं ड्यूटी के बाहर दुर्घटना की स्थिति में बीमा सुरक्षा, अस्पताल नकद लाभ योजना अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में नकद लाभ खास ऋण सुविधाएं होम लोन, पर्सनल लोन, वाहन ऋण आदि पर विशेष ब्याज दरें और डेबिट क्रेडिट कार्ड पर विशेष लाभ आकर्षक ऑफर एवं रिवॉर्ड्स देना शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य कार्मिक अधिकारी अजय कुमार दीक्षित, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (राजपत्रित) राहुल श्रीवास्तव, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (औ.सं) संजय कुमार, सचिव प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी दिवाकर शुक्ल, सचिव प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी रविन्द्र कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी किशोर कुमार बोरासी, सहायक कार्मिक अधिकारी अभय कुमार गुप्ता एवं कार्मिक विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**आयोजन** | जबलपुर में रहेगी अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन की धूम

# संत मुरारी बापू ने किया चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के कॉन्सेप्ट पेपर का विमोचन



**नवभारत,जबलपुर।** चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की तैयारियाँ तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को संत मुरारी बापू ने सम्मेलन के कॉन्सेप्ट पेपर का औपचारिक विमोचन किया। इस अवसर पर आयोजन अध्यक्ष अजय विश्नोई ने बापू को आयोजन की रूपरेखा एवं देश-विदेश से आने वाले प्रतिनिधिमंडलों की जानकारी दी। मुरारी बापू ने सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनाएँ और आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि वे पूर्व में भी इस भव्य आयोजन में शामिल हो चुके हैं। विमोचन कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश गुमाश्ता और कवि सुदीप भोला उपस्थित रहे।

सम्मेलन की सफलता के लिए शहर, ग्रामीण क्षेत्रों तथा अन्य राज्यों में बड़े स्तर पर सुंदरकांड पाठ आयोजित किए जा रहे हैं। पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी,पंडित अशोक मनोध्याय और विनोद दुबे ने बताया कि अब तक लगभग 15,000 सुंदरकांड पाठ हो चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की करीब 90 पंचायतों में भी यह आयोजन किया गया है।आयोजन अध्यक्ष अजय विश्नोई के मार्गदर्शन में लगातार बैठकों का दौर जारी है इसके लिए लगभग 59 हब कमेटियों का गठन कर लिया गया है।सभी सब कमेटियाँ लगातार बैठकें कर तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान कर रही हैं और एक सप्ताह में कार्यक्रम की पूर्ण रूपरेखा तैयार कर ली जाएगी। 28 दिसंबर को रामायण एग्जिबिशन का उद्घाटन होगा। इस चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में मॉरीशस और थाईलैंड से बड़ा प्रतिनिधिमंडल जबलपुर पहुँचेगा इसके साथ ही अमेरिका, केनेडा, सिंगापुर, बंगलादेश, श्रीलंका, नेपाल, फीजी, इंग्लैंड, स्वीजरलैंड से भी रामायण के विद्वान पधार रहे हैं। जिससे यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी महत्वपूर्ण हो जाएगा।

### स्कूलों-कॉलेजों में भी आयोजन

जानकारी के अनुसार वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत युवाओं को जोड़ने के लिए युवा रामायण राजदूत कार्यक्रम का आयोजन शहर के विभिन्न कॉलेजों में किया जा रहा है। कार्यक्रम समन्वयक नेहा दवे और मोहन चक्रवेश,अनुश्री गुप्ता ने बताया कि ज्ञान गंगा कॉलेज में आयोजन किया गया, जबकि इससे पहले श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज, नवयुग कॉलेज, आईटीआई, जेईसी सहित लगभग 15 कॉलेजों में प्रतियोगिताएँ संपन्न हो चुकी हैं। वहीं स्कूल स्तर पर रामायण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 16 से 18 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। संयोजक रामजी अग्रवाल और रत्नेश मिश्रा,आशुतोष तिवारी के अनुसार तैयारी पूरी हो चुकी है।